दिनांक-23दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

7 स्टार की रेस में शामिल , भिलाई शहर हुआ ओडीएफ प्लस प्लस घोषित

भिलाईनगर/ केंद्रीय सर्वेक्षण टीम की रिपोर्ट पर भिलाई को ओडीएफ प्लस प्लस होने की घोषणा की पुष्टि की गई है। महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन तथा आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के कुशल नेतृत्व में भिलाई ने एक पड़ाव पास कर 250 अंक अर्जित कर लिए हैं, इसके पूर्व वर्ष 2018-19 में स्वच्छता एप डाउनलोड करवाने में भी भिलाई निगम , छ0ग0 में प्रथम रैंक पर था। निगम भिलाई अपने दस्तावेजों के आधार पर 7 स्टार के रेस में शामिल होने के लिए पुरजोर कोशिश कर रहा है , जिसकी पुष्टि टीम के आने के बाद की जाने की प्रबल संभावना है! अक्टुबर 2014 से भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ स्वच्छ भारत मिशन के तहत् निगम भिलाई , भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छता प्रतियोगिता में प्रतिभागी रहकर पुरे देश में अपना अहम स्थान बनाता रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 के लिए भारत सरकार ने देश के विभिन्न शहरों के निकायों में स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित की है। स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए 5 हजार अंक का लक्ष्य दिया गया है जिसमें से ओडीएफ प्लस प्लस होने के बाद निगम भिलाई ने 250 अंक अभी से अर्जित कर लिए हैं। पूर्व वर्ष 2018-19 में निर्धारित 62570 स्वच्छता एप डाउनलोड के लक्ष्य के विरुद्ध निगम भिलाई ने लगभग 82486 एप डाउनलोड कराकर छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर थी! पीआईयू हरीश ठाकुर ने बताया कि पिछले वर्ष स्वच्छता एप डाउनलोड करने का लक्ष्य भिलाई ने पूरा कर लिया है इसलिए इस वर्ष ऐप डाउनलोड करने का लक्ष्य प्रदान नहीं किया गया है , परंतु इसके अंक जुड़ने की पूर्ण संभावना है। दिनांक 25 से 27 नवंबर को भारत सरकार की सर्वेक्षण दल , निगम भिलाई क्षेत्र में ओडीएफ प्लस प्लस का परीक्षण करने पहुंचे थे उन्होने निगम क्षेत्र के 143 शौचालयों में 32 सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों के अलावा खुले में शौच वाले स्थानों , तालाब किनारे, रेलवे पटरी के किनारे, गली आदि का निरीक्षण किया था। ।

जनसम्पर्क अधिकारी